# दोहरा क्षुद्रग्रह पुनर्निर्देशन परीक्षण (Double Asteroid Redirection Test)

sanskritiias.com/hindi/pt-cards/double-asteroid-redirection-test

- **नासा 24 नवंबर 2021 को अपना पहला 'ग्रह रक्षा परीक्षण मिशन' लॉन्च करेगा।** इसे 'दोहरा क्षुद्रग्रह पुनर्निर्देशन परीक्षण' (DART) नाम दिया गया है।
- इस मिशन का **मुख्य उद्देश्य नई विकसित तकनीक का परीक्षण करना है, जो एक अंतरिक्ष यान को किसी क्षुद्रग्रह को ध्वस्त करने** तथा उसकी कार्यप्रणाली में परिवर्तन करने की अनुमति प्रदान करेगा।
- इस अंतरिक्ष यान को **कैलिफोर्निया के वैंडेनबर्ग स्पेस फोर्स बेस से 'स्पेसएक्स फाल्कन 9 रॉकेट' द्वारा** प्रक्षेपित किया जाएगा। इस अंतरिक्ष यान का लक्ष्य एक स्मॉल मूनलेट (Moonlet) है, जिसे 'डिमोर्फोस' (Dimorphos) नाम से जाना जाता है।
- इसमें दो सोलर ऐरे तथा यान के संचालन के लिये **हाइड्राज़ीन प्रणोदक का उपयोग** किया गया है। यह यान एक **उच्च-रिज़ॉल्यूशन इमेज़र 'डिडिमोस रिकोनिसेंस एंड एस्ट्रॉयड कैमरा फॉर ऑप्टिकल नेविगेशन' (DRACO) से युक्त** है। यह प्राप्त छवियों को वास्तविक समय में पृथ्वी पर भेजेगा।